प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में ऑपरेशन सिन्दूर को बदलते भारत की तस्वीर बताया हैं श्री मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वी कडी को संबोधित कियां उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ देशवासियों की एकजुटता की सराहना कीं प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को खत्म करना हमारा संकल्प हैं देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इन यात्राओं ने सभी को देशभक्ति के भावो से भर दियां अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने बीकानेर दौरे में बच्चों की ओर से भेंट की गयी पेन्टिंग्स का भी उल्लेख कियां प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया की बात करते हुए लोगों से देश में बनी चीजों को प्राथमिकता देने को कहां

..........................................................................

प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ सामूहिक लडाई, गुजरात के गिर में शेरों की बढती आबादी, मधुमक्खी पालन तथा रिकॉर्ड शहद उत्पादन और नमो ड्रोन दीदी सहित अन्य विषयों के बारे में बात कीं प्रधानमंत्री ने सभी से योग से जुडने का आह्वान कियां उन्होंने कहा कि योग जीवन जीने का तरीका बदल देगां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अब एक महीने से भी कम समय बचा हैं इसे लेकर दुनियाभर के लोगों में उत्साह नजर आ रहा हैं

..........................................................................

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री आज दिल्ली में सुशासन पर आयोजित विचार सत्र में भाग लेंगें प्रधानमंत्री श्री मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगें भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार–विमर्श में हिस्सा लेंगें इस सम्मेलन में एनडीए शासित राज्यों की श्रेष्ठ शासकीय प्रथाओं पर भी चर्चा होगीं विभिन्न मुख्यमंत्री अपने राज्यों में लागू की गई सफल पहलों और योजनाओं के बारे में अपने अनुभव भी साझा करेंगें

..........................................................................

प्रदेश में चूरू, हनुमानगढ़, पाली और जोधपुर सहित कई स्थानों पर कल आंधी के साथ बारिश हुईं मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 53 मिलीमीटर बरसात हनुमानगढ़ के नोहर में रिकॉर्ड हुईं इसके अलावा झुंझुनूं, सीकर, अलवर, भरतपुर, चौमूं और धौलपुर में भी मध्यम दर्जे की बारिश हुईं वहीं अंधड से कई जगह पेड़ और बिजली के खम्भे गिर गये तथा बिजली आपूर्ति बाधित हुईं राजधानी जयपुर में भी देर रात तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हुईं हनुमानगढ़ में करीब 1 घंटे मूसलाधार बारिश हुई, इससे कई जगह पानी भर गयां सीकर जिले में कहीं–कहीं ओले भी गिरें धौलपुर में भी देर शाम से शुरू हुआ रिमझिम बारिश का दौर सुबह तक चलां उधर पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा हैं दिन में प्रचण्ड गर्मी के साथ रात का तापमान भी 30 से 32 डिग्री के बीच मापा जा रहा हैं बाडमेर में अधिकतम तापमान 47 दशमलव 6 और जैसलमेर में 47 डिग्री दर्ज हुआं

..........................................................................

यूपीएससी सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा आज आयोजित की जा रही हैं संघ लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली ये परीक्षा दो पारियों में ली जा रही हैं वहीं वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्री–डीएलएड परीक्षा 1 जून को दो पारियों में होगीं

..........................................................................